# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut


अति–आवश्यक

पत्रांक : पी0ए0/1614
दिनांक : 21.06.2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव,
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः– शैक्षिक सत्र 2024–25 में बी0एड0 काउंसलिंग हेतु नाम प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप विदित है कि शैक्षिक सत्र 2024–25 की बी0एड0 प्रवेश परीक्षा दिनांक 09.06.2024 को सम्पन्न हो चुकी है। जिसका परिणाम शीघ्र ही घोषित होने वाला है। तथा बी0एड0 प्रवेश हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा काउसलिंग प्रक्रिया प्रारम्भ की जानी है। जिसमें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थानो की सूची व सीटों का ब्यौरा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी को प्रेषित किया जाना है।

अतः उक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय/संस्थान में संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम की सम्बद्धता हेतु **बन्धक एफ0डी0आर0 की रंगीन प्रति के साथ ही अपने महाविद्यालय/संस्थान में कार्यरत प्राचार्य/शिक्षकों के अनुमोदन पत्र, प्रबन्ध समिति का अनुमोदन पत्र, अग्निशमन प्रमाण पत्र, ABACUS पोर्टल पर संस्थान का डाटा अपलोडट करने का प्रमाण पत्र तथा AISHE के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति सहित समस्त अभिलेख दिनांक 25.06.2024 तक कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चत करें,** यदि आप द्वारा निर्धारित अवधि में वांछित अभिलेख उपलब्ध नही कराये जाते है तो विश्वविद्यालय द्वारा आपके महाविद्यालय/संस्थान का नाम शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी को बी0एड0 काउसलिंग के लिए प्रेषित नही किया जाना सम्भव नही होगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव का होगा।

अतः उपरोक्त आदेशों का कडाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

21-06-2024

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
02. प्रधान सहायक सम्बद्धता को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे उक्त आदेशों का कडाई से पालन करना सुनिश्चित करें।
03. प्रभारी बेवसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव